नव भारत
राष्ट्रीयता का प्रहरी 1934 से

# हनीट्रैप में खुलासा : श्वेता जैन ही है मास्टरमाइंड

## जेल में बनी दोस्ती से खड़ा किया करोड़ों की उगाही का नेटवर्क

- एक करोड़ की रंगदारी में 5 आरोपी पुलिस रिमांड पर
- नेताओं और कारोबारियों को बनाते थे निशाना



**नव भारत न्यूज**
**इंदौर, 20 मई. हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग कांड की जांच में पुलिस ने एक संगठित गैंग का खुलासा किया है, जो पिछले दो वर्षों से नेताओं, कारोबारियों और रसूखदार लोगों को फंसाकर करोड़ों की उगाही कर रहा था. शराब कारोबारी हितेंद्र सिंह ठाकुर उर्फ चिंटू ठाकुर से एक करोड़ रुपए की मांग के मामले में भोपाल में रहने वाली श्वेता विजय जैन को गिरोह की मास्टरमाइंड बताया है.**

पुलिस ने इस मामले में श्वेता जैन, अलका दीक्षित, जयदीप दीक्षित, लाखन चौधरी और जितेंद्र पुरोहित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था, जहां से सभी को छह दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है.

क्राईम ब्रांच की जांच में सामने आया कि श्वेता जैन और शराब तस्करी से जुड़ी अलका दीक्षित की मुलाकात जिला जेल में हुई थी. यहीं दोनों के बीच हनीट्रैप के जरिए ब्लैकमेलिंग का नेटवर्क खड़ा करने की योजना बनी थी. जेल से बाहर आने के बाद दोनों ने मिलकर प्रभावशाली लोगों को निशाना बनाना शुरू किया. अलका दीक्षित कथित रूप से युवतियों के जरिए लोगों को जाल में फंसाती थी, जबकि श्वेता पूरे नेटवर्क को संचालित करती थी. आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बनाकर पीड़ितों से मोटी रकम वसूली जाती थी.

क्राईम ब्रांच सूत्रों के अनुसार गिरोह ने कई हाईप्रोफाइल लोगों को अपना शिकार बनाया, लेकिन बदनामी के डर से अधिकांश पीड़ित सामने नहीं आए. जांच में यह भी सामने आया कि पीथमपुर में रहने वाला लाखन चौधरी खुद को भाजपा पदाधिकारी बताकर प्रॉपर्टी कारोबार की आड़ में संभावित शिकार तलाशता था. वहीं देवास में रहने वाला जितेंद्र पुरोहित , वसूली के तरीकों में सहयोग करता था.

वहीं मामले में इंटेलिजेंस शाखा में पदस्थ प्रधान आरक्षक विनोद शर्मा की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है. पूछताछ में उसने अलका से संपर्क की बात स्वीकार की है. आरोप है कि अलका उसे जीजा जी कहकर बुलाती थी और ब्लैकमेलिंग के तरीकों पर सलाह लेती थी. पुलिस को शक है कि उसने आरोपियों को दबाव बनाने के तरीके बताए.

जांच के दौरान रेशू नाम की एक महिला का भी खुलासा हुआ है, जो आसानी से नेताओं तक पहुंच बनाकर उन्हें फंसाती थी. आरोप है कि उसने दिल्ली के एक नेता से डेढ़ करोड़ रुपए वसूले और उस रकम से लग्जरी कार व संपत्ति खरीदी, पुलिस अब उसकी तलाश में जुटी है.

क्राइम ब्रांच की जांच में यह भी सामने आया है कि गैंग के कुछ तार ड्रग्स और अवैध हथियार नेटवर्क से जुड़े लोगों तक पहुंचते हैं. मामले में पुलिस ने 40 से अधिक अधिकारियों की सात टीमें बनाकर इंदौर और भोपाल में एक साथ छापेमारी की और पांच मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है. कारोबारी चिंटू ठाकुर के मामले में आरोपियों ने पहले प्रॉपर्टी डील के बहाने संपर्क किया और 50 प्रतिशत हिस्सेदारी का दबाव बनाया. मना करने पर युवती के जरिए आपत्तिजनक वीडियो बनाकर सुपर कॉरिडोर पर कार रोककर एक करोड़ रुपए की मांग की गई और वायरल करने की धमकी दी गई.

### गैंग ऐसे करता था वसूली...

पहले प्रॉपर्टी या संपर्क के बहाने टारगेट से नजदीकी बढ़ाते थे, फिर युवती के जरिए आपत्तिजनक स्थिति में फंसाकर फोटो वीडियो तैयार करते थे. इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मोटी रकम की डिमांड की जाती थी. इनकार करने पर सार्वजनिक बदनामी और केस में फंसाने का दबाव बनाया जाता था. जबकि कुछ मामलों में रास्ता रोककर सीधे धमकाकर वसूली भी की जाती थी.

### संगठित ब्लैकमेलिंग के पुख्ता साक्ष्य

पूरे मामले में डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शिकायत के बाद गंभीरता से जांच शुरू की गई. आरोपियों के खिलाफ संगठित ब्लैकमेलिंग और रंगदारी के पुख्ता साक्ष्य मिले हैं. नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है और जल्द और खुलासे हो सकते हैं.

### आरोपियों के आपसी संबंध और मुलाकात

श्वेता जैन और अलका दीक्षित की मुलाकात जिला जेल में हुई. जेल में ही हनीट्रैप नेटवर्क की योजना बनाई गई. जमानत के बाद दोनों ने संपर्क बनाए रखा और गैंग तैयार कर ली. इसके बाद लाखन चौधरी, जयदीप दीक्षित और जितेंद्र पुरोहित बाद में जुड़े. सभी मिलकर अलग अलग भूमिकाओं में नेटवर्क संचालित कर रहे थे.

# मध्य क्षेत्रीय परिषद् की अगली बैठक उज्जैन में होगी

- अनौपचारिक कैबिनेट में सीएम ने दी जानकारी

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 20 मई. मध्य क्षेत्रीय परिषद् की अगली बैठक वर्ष 2027 में उज्जैन में होगी. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 19 मई को बस्तर में परिषद् की 26वीं बैठक में इस आशय की सहमति दे दी है.**

इस बात का खुलासा बुधवार को मंत्रालय में अनौपचारिक कैबिनेट के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया. इस दौरान सीएम ने बताया कि मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक लेने के बाद केन्द्रीय गृह मंत्री शाह उज्जैन में सिंहस्थ-2028 की तैयारी को लेकर हो रही व्यापक नागरिक व्यवस्थाओं, मानव प्रबन्धन एवं आपदा प्रबंधन का भी मुआयना करेंगे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र नक्सल मुक्त हो चुका है. केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने मध्य क्षेत्रीय परिषद् की 26वीं बैठक बस्तर में करके देश में नक्सलवाद की समाप्ति का जन संदेश दिया है. उज्जैन में परिषद की 27वीं बैठक होगी. उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री शाह द्वारा पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, विशेष पुलिस महानिदेशक पंकज श्रीवास्तव सहित नक्सल उन्मूलन अभियान में सक्रिय योगदान देने वाले पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया है.

### मां वाग्देवी की मूल प्रतिमा लंदन से वापस लाएगी सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धार जिले की भोजशाला परिसर को लेकर मप्र उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि मप्र शांति का टापू है. प्रदेश में कानून व्यवस्था नियंत्रण हमारी प्राथमिकता है. इसमें कोई ढिलाई नहीं बरती जायेगी. उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने करीब 750 साल पुराने और धार्मिक/ईश वंदना से जुड़े इस मसले का सकारात्मक एवं शांतिपूर्ण समाधान किया है. सरकार इस विषय से जुड़े सभी पक्षों की भावनाओं का सम्मान करते हुए उच्च न्यायालय के निर्णय का पालन करायेगी. उन्होंने कहा कि मप्र सरकार मां वाग्देवी की वास्तविक प्रतिमा विदेश से स्वदेश लाने के लिए केन्द्र सरकार के साथ हर जरूरी प्रयास एवं समन्वय करेगी. बाद में कैबिनेट ब्रीफिंग के दौरान एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने भी कहा कि लंदन से मां वाग्देवी की प्रतिमा लाने के लिए जरुरी प्रयास किए जाएंगे.

# ट्विशा मौत के मामले में सीबीआई जांच का आश्वासन

- मुख्यमंत्री मोहन से मिले ट्विशा शर्मा के पिता



**नवभारत रिपोर्टर**
**भोपाल, 20 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में उनके पिता नवनिधि शर्मा ने मुलाकात की. बुधवार को इस मुलाकत के दौरान ट्विशा के मामले में रिटायर्ड सैनिक भी नवनिधि शर्मा के साथ रहे. इस मौके पर मुख्यमंत्री यादव ने ट्वीशा की मौत के मामले में सीबीआई जांच कराने का आश्वासन दिया है.**

इसके साथ ही मुख्यमंत्री मोहन ने कहा कि ट्विशा के पार्थिव शरीर के दुबारा पीएम कराने को लेकर कोर्ट से निर्देश मिलने पर प्रदेश सरकार दिल्ली एम्स में पीएम कराने के लिए व्यवस्था करेगी. मुख्यमंत्री यादव से मिलकर ट्विशा के पिता ने सास की जमानत रद्द कराने के आवेदन संबंधी विषय पर चर्चा की. मुख्यमंत्री मोहन ने नवनिधि शर्मा को कार्रवाई को लेकर आश्वासन दिया है.

ट्विशा के शव के दोबारा पोस्टमॉर्टम कराने की मांग के मामले में सुनाई करते हुए भोपाल कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी है. शव को एयर कंडीशनर वाले मॉर्च्युरी में सुरक्षित रखा जाने का निर्देश कोर्ट की तरफ से दिया गया है. परिजनों के शव नहीं लेने पर ऐसी स्थिति में डीकंपोज होने से बचाया जा सकता है. ट्विशा की मौत के 8 दिन बाद भी परिजनों ने शव नहीं लिया है और लगातार मामले में सरकार और प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रहे हैं.

जानकारी के मुताबिक ट्विशा की मौत के मामले राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी संज्ञान लिया है. मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए महिला आयोग ने प्रदेश सरकार से सात दिन में रिपोर्ट मांगी है. जानकारी के अनुसार आयोग ने मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते ट्विशा की शादी केवल 5 महीने में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत को लेकर सवाल किया है. ट्विशा के मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पर दहेज उत्पीड़न, मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं. ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा ने राज्यपाल से रिटायर्ड जज और ट्विशा के ससुर गिरिबाला सिंह को कंज्यूमर फोरम के पद से हटाने के लिए पत्र लिखा है. नवनिधि शर्मा ने राज्यपाल को पत्र लिखकर मामले में कार्यवाही की मांग की है.

# शादी का झांसा देकर युवती से लगातार बनाए शारीरिक संबंध

**इंदौर.** किशनगंज थाना क्षेत्र से एक युवक ने शादी का वादा कर 26 वर्षीय युवती की जिंदगी बर्बाद कर दी.लंबे समय तक शारीरिक संबंध बनाने के बाद अब आरोपी शादी के वादे से मुकर गया. घटना किशनगंज थाना क्षेत्र के पिगडंबर इलाके की है. 26 वर्षीय पीड़िता ने थाने पहुँचकर आरोपी रंजीत यादव के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी रंजीत ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया था और जल्द ही शादी करने का वादा दिया था. इस भरोसे के बाद आरोपी लगातार पीड़िता की इच्छा और शादी के वादे की आड़ में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा.

# सुको का लोकायुक्त से आरटीआई पर सवाल

## छूट की वैधता पर सरकार से जवाब तलब

**भोपाल, 20 मई. सुप्रीम कोर्ट ने मध्यप्रदेश लोकायुक्त संगठन को सूचना के अधिकार ( आरटीआई ) कानून से दी गई छूट पर कड़ा रुख अपनाते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है. अदालत ने पूछा कि किस कानूनी आधार पर लोकायुक्त को आरटीआई के दायरे से बाहर रखा गया है और क्या यह संगठन खुफिया या सुरक्षा एजेंसी की श्रेणी में आता है.**

जस्टिस जे.के. माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस. चांदुरकर की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि सरकार ऐसा कोई ठोस रिकॉर्ड पेश नहीं कर सकी, जिससे यह साबित हो कि लोकायुक्त खुफिया एजेंसी की तरह कार्य करता है. कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि 2011 की अधिसूचना, जिसके जरिए यह छूट दी गई थी, प्रथम दृष्टया आरटीआई कानून की भावना के विपरीत प्रतीत होती है.




सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आरटीआई का उद्देश्य सरकारी संस्थाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है.

> कोर्ट ने चेतावनी दी कि यदि संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, तो 2011 की अधिसूचना को रद्द किया जा सकता है. साथ ही, सरकारी वकीलों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए उनके पैनल की समीक्षा के संकेत भी दिए गए हैं.

अदालत ने मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन और महाधिवक्ता प्रशांत सिंह को 20 मई को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के निर्देश दिए हैं.

# संघ प्रमुख भागवत शहडोल पहुंचे

**शहडोल.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत आज शहडोल पहुंचे, जहां वे तीन



दिवसीय प्रवास के दौरान संघ के कार्यकर्ता विकास वर्ग में शामिल होंगे. सूत्रों के अनुसार श्री भागवत सुबह कटनी से सड़क मार्ग द्वारा शहडोल स्थित सरस्वती स्कूल पहुंचे. यहां मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित 20 दिवसीय कार्यकर्ता विकास वर्ग में लगभग 650 शिक्षक और शिक्षार्थी शामिल हैं. श्री भागवत शिविर के दौरान विभिन्न बौद्धिक सत्रों को संबोधित करेंगे और संघ की विचारधारा पर मार्गदर्शन देंगे.

# मंत्री टेटवाल और पंवार ई-रिक्शा से पहुंचे मंत्रालय

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 20 मई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से किए गए ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण के आह्वान को आत्मसात करते हुए, बुधवार को कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल और मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार कैबिनेट बैठक में शामिल होने के लिए ई-रिक्शा से मंत्रालय पहुंचे.**

सुरक्षित पर्यावरण का यही आधार-ईंधन बचत हर बार, का संदेश देते राज्यमंत्री टेटवाल कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसाधनों के संयमित उपयोग का जो आह्वान किया है, उसे आत्मसात कर हम सभी को अपने आचरण से दूसरों को प्रेरित करना चाहिए. टेटवाल और मंत्री पंवार ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि हम सभी को पेट्रोल-डीजल की खपत को कम करने, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और ऊर्जा बचत को एक जनआंदोलन बनाने का संकल्प लेना चाहिए. उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति द्वारा किए गए छोटे-छोटे प्रयास ही भविष्य में एक आत्मनिर्भर, स्वच्छ एवं सशक्त भारत के निर्माण की मजबूत नींव तैयार करेंगे.

# डॉक्टर और स्टाफ से की अभद्रता

## कांग्रेस नेता किशोरी कुशवाह समेत दो पर एफआईआर

**शिवपुरी, 20 मई. जिले के पोहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर और अस्पताल स्टाफ के साथ अभद्रता के मामले में डॉक्टर की शिकायत पर पोहरी थाना पुलिस ने कांग्रेस नेता किशोरी कुशवाह, राकेश यादव और उनके अन्य साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. आरोपियों पर शासकीय कार्य में बाधा डालने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं.**



पोहरी सीएचसी में पदस्थ डॉ. अंकेश धाकड़ ने पुलिस को बताया कि देर रात करीब 12 बजे प्रसव पीड़ा से पीड़ित महिला ख्वी यादव को अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जांच के दौरान महिला की बच्चेदानी की थैली फट चुकी थी. जच्चा और बच्चा दोनों की सुरक्षा को देखते हुए महिला को जिला चिकित्सालय शिवपुरी रेफर किया गया. रेफर करने के बाद शिवपुरी के लिए 108 एंबुलेंस समय पर उपलब्ध नहीं हो सकी. इससे परिजनों में नाराजगी बढ़ गई. बाद में दूसरी एंबुलेंस की व्यवस्था कर मरीज को जिला अस्पताल भेजा गया.

### अस्पताल पहुंचकर गाली-गलौज और धमकी

डॉक्टर के अनुसार, इसी बात को लेकर किशोरी कुशवाह, राकेश यादव और उनके कुछ साथी कथित तौर पर शराब के नशे में अस्पताल पहुंचे. आरोप है कि उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद डॉ. अंकेश धाकड़, स्टाफ नर्स सीमा वरवा और रघुराज धाकड़ के साथ गाली-गलौज की और अभद्र व्यवहार किया.



# इंदौर में विश्वास सारंग बोले- नवाचार से बदलेगा भविष्य

- मध्यप्रदेश बना स्टार्टअप विकास का केंद्र
- सारंग बोले- ब्रिक्स बदलेंगे वैश्विक भविष्य

**भोपाल, 20 मई. मध्यप्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने इंदौर में आयोजित ब्रिक्स यूथ इन्ट्रेप्रेन्योरशिप वर्किंग ग्रुप मीटिंग-2026 को संबोधित करते हुए कहा कि ब्रिक्स राष्ट्र आज विकासशील देशों की आकांक्षाओं, नवाचार क्षमता और आर्थिक शक्ति का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं.**

कार्यक्रम में भारत सरकार की युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे सहित ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधि, स्टार्टअप लीडर्स, नीति निर्माता और युवा उद्यमी मौजूद रहे. सारंग ने कहा कि 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भारतीय भावना विश्व को समावेशी विकास और सहयोग का संदेश देती है.

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत नवाचार, उद्यमिता और युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में वैश्विक भागीदार बनकर उभर रहा है. उन्होंने बताया कि 2006 में शुरू हुआ ब्रिक्स समूह अब 11 देशों तक विस्तारित हो चुका है और वैश्विक जीडीपी में 35 से 40 प्रतिशत योगदान देता है.

> सारंग ने कहा कि आज डेटा, तकनीक और ज्ञान नवाचार की सबसे बड़ी शक्ति बन चुके हैं. उन्होंने मध्यप्रदेश को निवेश, स्टार्टअप और औद्योगिक विकास का उभरता केंद्र बताते हुए इंदौर को देश का स्वच्छतम और इनोवेशन हब शहर बताया. उन्होंने विश्वास जताया कि यह बैठक ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को मजबूत करेगी और भारत तथा मध्यप्रदेश को वैश्विक नवाचार और युवा-नेतृत्व वाले विकास के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगी.

# लोकायुक्त पुलिस ने पटवारी को रिश्वत लेते दबोचा

**ग्वालियर /भिंड . लोकायुक्त पुलिस ग्वालियर ने आज भिंड जिले के ग्राम तुकेंडा हल्का के पटवारी हिमांशु तोमर को 6 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये दबोचा है. पटवारी तोमर ने एक ग्रामीण रामखिलाडी चौहान से उनकी जमीन का सीमांकन करने के एवज में 10 हजार रूपये की मांग की थी. जिसका सौदा दोनों के बीच 8 हजार रूपये में तय हुआ था.**



बताया जाता है कि ग्रामीण ने इसकी शिकायत लोकायुक्त पुलिस को की थी, जिसके आधार पर आज जैसे ही पटवारी हिमांशु तोमर को 6 हजार रूपये रिश्वत के रूप में मालनपुर के पास नहर की पुलिया के बाईं तरफ दिए तो लोकायुक्त पुलिस ने उसे तुरंत दबोच लिया. लेकायुक्त पुलिस अधीक्षक निरंजनलाल शर्मा ने बताया कि कार्रवाई जारी है. यह कार्रवाई लोकायुक्त डीएसपी विनोद सिंह कुशवाह के नेतृत्व में लोकायुक्त की टीम ने की. लोकायुक्त टीम में निरीक्षक उपेन्द्र दुबे, प्रधान आरक्षक देवेन्द्र पवैया, हेमंत शर्मा, जसवंत शर्मा, मनोज कुशवाह, बलवीर, आरक्षक गण प्रशांत कुशवाह, विनोद शाक्य, रवि सिंह शामिल थे.

**बिचौलियों पर लगी लगाम** | महाकाल में 250, मंगलनाथ पर 100 और कालभैरव के 500 में शीघ्र दर्शन

# अब रसीद कटाइए और सीधे दर्शन पाइए

- मदिरा का लगता है भगवान् को भोग

**उज्जैन, 20 मई. उज्जैन धर्मनगरी श्री महाकालेश्वर मंदिर में वर्षों से श्रद्धालुओं के लिए शीघ्र दर्शन की सशुल्क व्यवस्था संचालित है. अब इसी व्यवस्था का विस्तार मंगलनाथ मंदिर और श्री काल भैरव मंदिर तक कर दिया गया है. बुधवार को काल भैरव मंदिर पर 500 में वीआईपी दर्शन की व्यवस्था लागू कर द गई.**



भगवान महाकाल के सेनापति के तौर पर प्रसिद्ध बाबा काल भैरव को मदिरा का भोग लगाया जाता है, देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु महाकाल दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं, उतनी ही तादात में यात्री यहां भी आते हैं, चुनाव में जीत राजनीति में उच्च पद और व्यापार व्यवसाय में उन्नति के लिए यहां पर मनोकामना मांगी जाती है, ऐसे में यहां पर भगवान काल भैरव को मदिरा का भोग भी लगाया जाता है,कई वीआईपी फ्लाइट से इंदौर आने के बाद ताबड़तोड़ उज्जैन आते हैं और उन्हें शीघ्र वापस जाना होता है ,ऐसे में 500 का शुल्क यहां लागू कर दिया गया है जिसका अच्छा खासा प्रतिसाद पहले ही दिन मिला.

### किस मंदिर पर कितना शुल्क

महाकाल मंदिर में श्रद्धालु 250 की अधिकृत रसीद कटवाकर निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत शीघ्र दर्शन कर सकते हैं. मंगलनाथ मंदिर में यह सुविधा 100 शुल्क पर उपलब्ध है. वहीं विश्वप्रसिद्ध कालभैरव मंदिर में बुधवार से 500 की सशुल्क विशेष दर्शन व्यवस्था लागू कर दी गई है, जिसके माध्यम से श्रद्धालु लंबी कतारों से बचते हुए सीधे गर्भगृह के समीप पहुंचकर बाबा के दर्शन कर सकेंगे और मदिरा का भोग भी अर्पित कर सकेंगे.